हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

inh 24x7
बढ़ते भारत की आवाज

IRON LIFE
IRON SHARPENS IRON


## उद्घाटन समारोह

मुख्य अतिथि



**मान. टंकराम वर्मा**
खेल एवं युवा कल्याण
मंत्री (छ.ग. शासन)

विशेष अतिथि




**मान. पुरंदर मिश्रा**
विधायक
रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



**मान. एजाज ढेबर**
महापौर
नगर निगम, रायपुर

विशेष अतिथि



**मान. प्रमोद दुबे**
सभापति
नगर निगम, रायपुर

# Freedom RAIPUR RUN

## 1 DEC 2024

10 Km. & 5 Km. CATEGORIES
Marine Drive Telibandha Raipur (C.G.)
Time : 6.00 AM (Morning)

## समापन समारोह

मुख्य अतिथि



**मान. किरण देव**
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा (छ.ग.)

अध्यक्षता



**मान. दीपक बैज**
प्रदेश अध्यक्ष
कांग्रेस (छ.ग.)

विशेष अतिथि



**मान. गुरु खुशवंत साहेब**
विधायक
आरंग विधानसभा क्षेत्र

विशेष अतिथि



**मान. विक्रम सिंह सिसोदिया**
महासचिव
छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ

**Title Sponsor**
Freedom Refined Sunflower Oil

**Prayer Partner**
परिमल भारतवासी अगरबत्ती

**Associate Sponsors**
CONCRETE TMT & PIPES — मजबूती ही हमारा विश्वास है
IB GROUP
ABIS
RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI-CHHATTISGARH
R1

**Health Partner**
SANJEEVANI CANCER CARE FOUNDATION

**Outdoor Partner**
ASA ADVERTISING AGENCY

RAMA TMT BARS — ANDAR SE ATOOT
Vachan — Great Taste. Enriched Life
IFFCO
छत्तीसगढ़ मास्टर्स स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन — पंजीयन क्रमांक 3940 — स्थापना वर्ष 2012
निजात — नशीले पदार्थों को ना, जिंदगी को हां। — सेवा सुरक्षा अनुशासन — रायपुर पुलिस छत्तीसगढ़

**(BIB Distribution on 30th Nov.)**
**Venue - Haribhoomi Office, Raipur**
**Time - 11 AM. to 4 PM.**
**Only Registered Participants for BIB***

# चार दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण व जांच शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

विकासखंड स्तरीय स्काउट्स एवं गाइड्स द्वितीय/ तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का (चार दिवसीय) आयोजन शासकीय शाला परिसर केदुवा में किया गया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि छग राज्य महिला आयोग सदस्य एवं स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ संरक्षक सरला कोसरिया, अध्यक्षता अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि जनपद सभापति जयंती जयलाल पटेल, जनपद सभापति माधोदास चौधरी, जिला उपाध्यक्ष जय पवार, जिला सचिव प्रमोद कन्नौजे, कुशवंती पटेल सरपंच केदुवा, अजय अग्रवाल उपाध्यक्ष, डॉ आशीष दास मंडल उपाध्यक्ष भाजपा, धर्मेंद्र ठाकुर (आजीवन सदस्य), ठाकुरराम बरिहा सरपंच कोसमपाली, बृजमोहन चौधरी महामंत्री भाजपा मंडल केदुवा, नेपाल साहू अध्यक्ष सहकारी समिति रिसेकेला, प्रमोद पटेल अध्यक्ष एसएमडीसी, राजेंद्र पटेल केदुवा, अशोक अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, हेतराम पटेल केदुवा, रविप्रसाद पटेल केदुवा, प्रताप डडसेना पलसापाली, कोमल नायक, राजेश पटेल बिजातीपाली, दिनेश घाड़गे रोवर लीडर, बीईओ एवं सहायक जिला आयुक्त (स्का.) प्रकाशचंद्र मांझी, एबीईओ एवं मुख्यालय आयुक्त डीएन दीवान, बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल एवं प्रभारी प्राचार्य अरुण भोई, सीएसी घनश्याम दास, प्रभारी प्रधान पाठक रेखा पांडेय, प्रपा आशाराम पटेल मौजूद रहे।

अतिथियों का स्वागत रोवर लीडर सुरेंद्र प्रधान एवं रोवर्स द्वारा कलर पार्टी के साथ पारंपरिक रूप से किया गया। अतिथियों का स्कार्फ लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत गीत तबला, हारमोनियम की मधुर संगीत के साथ प्राचार्य सीएल पुहुप एवं स्काउटर अजय आर्य के नेतृत्व में किया गया। विभिन्न वेशभूषा में स्काउट गाइड दल ने सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। शिविर प्रतिवेदन शिविर संचालक यशवंत कुमार चौधरी ने प्रस्तुत करते हुए बताया कि 196 स्काउट, 131 गाइड, 26 प्रभारी टीचर्स, सेवादाता 25 रोवर/ रेंजर, संचालक मंडल 24, अन्य व्यवस्था प्रभारी, सहयोगी 48 कुल 450 की एक बड़ी टीम ने टीम भावना के साथ शिविर में हिस्सा लिया। समापन दिवस प्रातः सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन के अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी एवं प्रमोद पटेल अध्यक्ष एसएमडीसी की उपस्थिति में हुई। ग्राम भ्रमण रैली में स्काउट गाइड, रोवर रेंजर ने विभिन्न वेशभूषा में प्रभारियों के साथ गांव में वृहद रैली निकाली और लोगों को जागरूक करते हुए सेवा सद्भावना एवं एकता का संदेश दिया।



पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सरला कोसरिया ने स्काउट गाइड के प्रति अपनी सराहना व्यक्त करते हुए कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड संगठन बच्चों, युवाओं में अनुशासन, सेवा, नेतृत्व जैसे विशेष गुणों में वृद्धि का कार्य कर रहा है। जीवन में अनुशासन के साथ सेवा के मार्ग पर चलते हुए लक्ष्य प्राप्त करने प्रेरित किया। शिविरार्थियों को जीवन जीने की कला की बारीकियों से अवगत कराते हुए सर्वांगीण विकास के लिए नेतृत्व क्षमता संवर्धन एवं प्रबंधन पर अपना ध्यान फोकस करने जोर दिया और व्यक्तिगत, सामाजिक, आध्यात्मिक आयाम के प्रति सचेतता की जरूरत पर बल दिया। और उत्कृष्टता के साथ शिविर में शामिल होने पर स्काउट गाइड एवं स्काउटर गाइडर, प्रभारियों को शाल, पेन, डायरी, गमछा, पानी बॉटल एवं प्रमाण पत्र आदि भेंटकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने स्काउट गाइड को संस्कारवान बनने की नसीहत देते हुए नैतिकता का पाठ पढ़ाया और चारित्रिक गुणों के संवर्धन के लिए जीवन मूल्यों की सीख दी। अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने स्काउट-गाइड संगठन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों से सभी को अवगत कराया और बड़ी संख्या में उपस्थित शिविरार्थियों को सम्बोधित करते हुए जीवन उपयोगी, सीखे हुए ज्ञान को अपने स्कूल के अन्य स्काउट -गाइड से शेयर करने प्रेरित किया। डॉ.आशीष दास ने अपने संबोधन में कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य इस विषय को बताते हुए कहा कि आने वाले समय में आप सभी इस देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। आप सभी डॉक्टर, इंजीनियर या बड़े राजनेता बनेंगे इसलिए जीवन में अनुशासन बनाए रखना जरूरी है। विशिष्ट अतिथि जयंती जयलाल पटेल ने कहा कि विविध परिस्थितियों में सेवा कार्य करने अग्रणी संगठन है स्काउट-गाइड, जो सीखने, कार्य करने के लिए टीम भावना सहित समान अवसर मुहैया कराती है इसका भरपूर लाभ लेकर हमें आगे बढ़ना चाहिए। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों ने स्काउट-गाइड का सम्मान किया एवं प्रमाण पत्र भेंट किया।

अंचल की प्रथम गाइडर एवं स्वर्गीय रत्ना डडसेना की पुण्यस्मृति में गाइडर डॉ शुभ्रा डडसेना द्वारा सभी स्काउट गाइड को पानी बॉटल एवं स्काउटर गाइडर को पेन - डायरी देकर सम्मानित किया गया। वहीं स्वर्गीय नीलकमल पटेल की पुण्य स्मृति में उनकी माता कुशवंती पटेल ने भी सभी स्काउट-गाइड एवं प्रभारियों को पेन वितरित किया। शासकीय विद्यालय केदुवा द्वारा संयुक्त रूप से सभी प्रशिक्षित स्काउटर गाइडर, चारों संस्था प्रमुखों, स्कूल प्रबंधन के अध्यक्षों, सक्रिय सहयोगियों को शाल एवं प्रमाण पत्र भेंट किया गया। वहीं प्रभारी टीचर्स को गमछा एवं प्रमाण पत्र भेंट किया गया। शिविर संचालक / एचडब्ल्यूबी प्रशिक्षित स्काउट मास्टर यशवन्त कुमार चौधरी ने बताया कि कुशल प्रशिक्षकों द्वारा शिविरार्थियों को शिविर में लार्ड रॉबर्ट स्टीफेंसन स्मिथ बेडेन-पॉवेल (स्काउटिंग के संस्थापक) एवं लेडी बेडेन पॉवेल की जीवनी एवं उनके कार्यों को बताया गया।

## खबर संक्षेप



### संविधान प्रस्तावना का किया वाचन

**महासमुंद।** स्थानीय शिशु संस्कार केंद्र में संविधान दिवस पर एक आयोजन किया गया। जिसमें भारत के सभी राज्यों से आए गए राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता के खिलाड़ियों एवं अधिकारियों ने एक साथ संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया।

### पिथौरा में निःशुल्क सहायक उपकरण शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक के मार्गदर्शन में पिथौरा विकासखंड के ग्राम पंचायत लहरौद में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के तहत निशुल्क सहायक उपकरण व कैलीपर्स एवं कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भारतीय कृत्रिम निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में 150 लोगों का पंजीयन हुआ एवं विभिन्न सहायक उपकरणों के लिए चिन्हांकन किया गया, जिनमें मोटराइज्ड ट्राइसायकल के लिए 7, सामान्य ट्राइसायकल के लिए 5, एमआर किट 3, व्हीलचेयर 2, श्रवण यंत्र 8, स्मार्टफोन 30, और अन्य 85 सहायक उपकरण शामिल हैं। कुल मिलाकर 140 लाभार्थियों को चिन्हांकित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत लहरौद की सरपंच लता रूपसिंग ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। शिविर का संचालन उपसंचालक समाज कल्याण विभाग संगीता सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पिथौरा चंद्रप्रकाश मनहर, समाज शिक्षा संगठक गुलाब सामल के नेतृत्व में किया गया।

# केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य संजय कंसल, वरिष्ठ शिक्षक सुरेश कुमार सिंह, विवेकानंद प्रधान, प्रधानाध्यापिका श्रीकान्ता एक्का ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किए।

विवेक शर्मा शिक्षक ने अपने भाषण में भारत के संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसे बनाने में कितना समय लगा और क्यों भारत के संविधान की पूरे विश्व में पहचान है। कक्षा सातवी अ की छात्रा अनुष्का बेहरा ने हिन्दी में भाषण प्रस्तुत किए। प्राचार्य ने संविधान के उद्देशिका का वाचन किए। और संविधान में दिए गए अधिकार, कर्तव्य और जिम्मेदारी का भी बोध कराया। कार्यक्रम का संचालन दशरथ राम यादव शिक्षक ने किया।

कार्यक्रम में लोकेश सिंह, वंदना आचार्य, जितेंद्र कुमार चंद्राकर, तुलसीराम चंद्राकर, घनश्याम साहू, गजाधर मिश्र, वंदनी जौहरी, भूमिका पराशर, मनीषा, ओमप्रकाश चंद्राकर, ईश्वर नायक, अभिषेक, गुलाब आवड़े, नीलमाधव सिंह, प्रताप सोनी, सूर्य कुमार साहू, प्रवीण कुमार साहू, धर्मेंद्र कुमार पटेल, संगीत शिक्षक प्रभात देवांगन, विजेता, सोनिया, योग शिक्षिका भारती वर्मा, मोनिका, नेहा बालवाटिका, शिक्षक नागेश्वर साहू और शिक्षिका प्रकृति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# महासमुंद में रोचक मुकाबले, हैंडबाल खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



महासमुंद के मिनी स्टेडियम में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन 27 नवंबर तक बालक और बालिका वर्ग द्वारा खेले गए हैंडबॉल लीग मैचों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। विभिन्न राज्यों की टीमों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

बालिका वर्ग के मुकाबले में केरल ने उत्तराखंड को 19-01 के बड़े अंतर से हराया। मध्यप्रदेश ने आईबीएसओ को 09-04 से पराजित किया। छत्तीसगढ़ ने एनवीएस को 14-04 से हराकर अपनी बढ़त बनाई। विद्या भारती ने सीबीएसई को 07-06 से, पश्चिम बंगाल ने विद्या भारती को 05-03 से एवं केवीएस ने डब्ल्यूएसओ सीबीएसई को 16-07 से हराया।

इसी तरह बालक वर्ग के मुकाबले में मध्यप्रदेश ने चंडीगढ़ को 33-09 व केरल ने डब्ल्यूएसओ सीबीएसई को 32-02 के बड़े अंतर से हराया। उत्तर प्रदेश ने कड़े मुकाबले में सीबीएसई को 20-19 से हराया। गुजरात ने हिमाचल प्रदेश को 19-08 से पराजित किया। पंजाब ने कर्नाटक को 22-07 से हराया। महाराष्ट्र ने ओडिशा को 26-17 से पराजित किया। छत्तीसगढ़ ने केवीएस को 15-07 से व मध्यप्रदेश ने एनवीएस को 20-09 से हराया। हरियाणा ने सीबीएसई को 25-22 के नजदीकी मुकाबले में हराया तथा हरियाणा ने कर्नाटक को 12-04 से एवं मणिपुर ने हिमाचल प्रदेश को 16-08 से पराजित किया। विदित हो कि प्रतियोगिता में 30 राज्यों से कुल 796 खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। जिसमें 14 वर्ष के 404 बालक एवं 392 बालिका भाग लेंगे। राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन 29 नवंबर को होगा।

# एंटरप्रेन्योरशिप और इनोवेशन करियर ऑपर्च्युनिटी के तहत वर्कशॉप का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कंप्यूटर विभाग द्वारा आईआईसी के तहत एंटरप्रेन्योरशिप और इनोवेशन एस करियर का आयोजन प्राचार्य एवं संरक्षक प्रो. करुणा दुबे, आईआईसी प्रेसिडेंट डॉ. रीता पांडे, संयोजक डॉ. अजय कुमार देवांगन के संयोजन में किया गया। एक दिवसीय वर्कशॉप पर कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग में उपस्थित बीसीए, डीसीए, पीजीडीसीए, बीएससी प्रथम वर्ष जीई एवं बीए प्रथम वर्ष जीई के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। अतिथि अरविंद कुमार साहू सहायक प्राध्यापक शासकीय माता कर्मा गर्ल्स महाविद्यालय ने आज के विषय एंटरप्रेन्योरशिप और इनोवेशन एस करियर ऑपच्युरुनिटी के ऊपर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को चैलेंज को कैसे अपॉर्चुनिटी में बदला जा सकता है के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने एक एंटरप्रेन्योर होने के गुणों को साझा किया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे ने उद्यमिता क्या होता है इनके बारे में जानकारी प्रदान किया।

कार्यक्रम में उपस्थित कंप्यूटर विभाग अध्यक्ष डॉ अजय कुमार देवांगन ने विद्यार्थियों को आईआईसी के कार्यक्रमों के उद्देश्य के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के सहायक प्राध्यापक पूजा यादव ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ. रीता पांडे, कंप्यूटर विभाग अध्यक्ष डॉ अजय कुमार देवांगन, कंप्यूटर प्राध्यापक टीकम साहू, प्रचारक चमन साहू एवं छात्र-छात्राओं में विजय कीर्ति ,पल्लवी सिन्हा, श्रुति रानी, हरसिल, रिमशा, सरिता भोई, संतोष साहू, ईश्वर साहू, प्रीति साहू, रेणुका साहू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ रीता पांडे द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला रामसागरपारा संकुल पटेवा में संविधान दिवस मनाया गया। संविधान की उद्देशिका का वाचन शिक्षक कोमल दीवान द्वारा किया गया। डॉ भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र में माल्यर्पण शाला के कप्तान साक्षी यादव, लता नेताम, रोशनी यादव, राजपूत , पुरषोत्तम निषाद आदि ने किया।

**कार्या. अनुविभागाय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

OFFICE OF THE SUB-DIVISIONAL OFFICER (R), MAHASAMUND (C.G.)

क्रमांक /1292/वा-1/अविअ./2024

महासमुंद, दिनांक 28/11/2024

ग्राम- लभराखुर्द, प.ह.नं. 44

घनश्याम पटेल पिता पेशराम पटेल
निवासी ग्राम लभराखुर्द तहसील
महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.) ...आवेदक
विरुद्ध
छ.ग. शासन ...अनावेदक

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम-लभराखुर्द, प.ह.नं. 44 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदक घनश्याम पटेल पिता पेशराम पटेल निवासी ग्राम महासमुन्द तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) द्वारा ग्राम लभराखुर्द, प.ह.नं. 44. तहसील व जिला महामसुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 89/6 रकबा 0.0204 हेक्टे, भूमि को कृषि भिन्न मद आवासीय प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। अतएव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 28/11/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुन्द**







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 29 नवंबर 2024

12 बारदाना की व्यवस्था को लेकर एसडीएम...



12 507 न्योता भोज का आयोजन 29251...





## खबर संक्षेप

### शराब पिलाने की सुविधा तीन लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में कोमाखान पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोमाखान पुलिस ने बताया कि कोमाखान शराब भट्ठी के पास कुछ लोगों द्वारा अवैध शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी कन्हैया धीवर पिता रामचंद्र धीवर (46 साल) कोमाखान, कुमार तांडी पिता गौतम तांडी (44 साल) लुकुपाली तथा सूरज गुप्ता पिता भगवान प्रसाद गुप्ता (40 साल) कोमाखान के खिलाफ कार्रवाई की। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम परेवापाली में जमीन विवाद को लेकर पिता-पुत्र ने मिलकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि परेवापाली निवासी व प्रार्थी आलेख सिंह पिता भगत सिंह मलिक (64 साल) ने रिपोर्ट लिखाया है कि 24 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे उसके काबिज जमीन पर गांव के हेमलाल एवं उसके लड़का उद्धव दीवार खड़ा कर रहा है। जिसे प्रार्थी के पुत्र शिवा मलिक ने मना किया, जिस पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बेलसोंडा व बम्हनी धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

**महासमुंद।** बेलसोंडा एवं बम्हनी धान उपार्जन केंद्र की नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर मिषा कोसले ने केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। कोसले ने केंद्र पर कैमरे लगाने के लिए गुरुवार तक की समय सीमा निर्धारित की। बारदाने की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मिलर्स से बातचीत की गई और उन्हें बारदाने उपलब्ध कराने हेतु कल सुबह तक का निर्देश दिया गया। धान में नमी की जांच (मॉइस्चर चेकिंग) की गई और धान की बोरियों को सुतली धागे से सिलने के लिए निर्देश दिए गए। साथ ही, भंडारण की व्यवस्था और स्टैकिंग डिटेल्स की जांच की गई, जिससे धान का सुरक्षित एवं व्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित हो सके। केंद्र पर मौजूद पंजियों की जांच की गई और सही तरीके से रिकॉर्ड संधारण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुधारों के निर्देश दिए गए और केंद्र के अधिकारियों को उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई।

# शाम होते ही बसों का संचालन बंद, मुसाफिरों के लिए बनी मुसीबत

## सरायपाली, राजिम, बागबाहरा आदि जगहों पर जाने के लिए कोई साधन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय में शाम होते ही यात्री बसों का संचालन नहीं होता है। इस कारण कई बार यात्रियों को प्राइवेट वाहन से राजधानी, बागबाहरा, सरायपाली जाना पड़ता है। शाम सात बजे के बाद विभिन्न रूट पर यात्री बसें नहीं चलती हैं। रात में राजधानी रायपुर जाने के लिए ट्रेन तो मिल जाती है, लेकिन सरायपाली, राजिम आदि जगहों पर जाने के लिए कोई साधन नहीं है।

कई बार आपातकालीन स्थिति में लोगों को काफी दिक्कत होती है। मिनी बस एसोसिएशन का इस पर कहना है कि रात में सवारिया नहीं मिलती है और रात में बस संचालन से घाटा होता है। कई बार जिला मुख्यालय में विभिन्न कार्यों से आने वाले लोग पारिवारिक व अन्य कारणों से देर हो जाने पर उन्हें फिर रेलवे स्टेशन जाना पड़ता है। वहीं यात्रियों की अदला-बदली का भी खेल चल रहा है। जिन बसों में सवारी कम होती है, ऐसे बसे सवारियों को अन्य बसों में बैठा देते हैं। कई बार बस बदलने के बाद यात्रियों को सीट भी नहीं मिल पाती है। पैसे देने के बाद भी यात्री अपने आप को ठगा सा महसूस करने लगते हैं। लोगों को लंबे समय से सरकारी बस चलाने की आवश्यकता महसूस हो रही है। टिकट की दरें महंगी होती जा रही है। परिवार के साथ सफर करने में लोगों की जेब ढीली हो रही है। राज्य परिवहन निगम शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी।

प्राइवट बसे जिला मुख्यालय से विकासखंड मुख्यालयों तक ही सीमित रह गए हैं। गांवों तक बसों की कनेक्टिविटी नहीं है। ग्रामीण अपने गांवों में ऑटो या लिफ्ट लेकर शहर की ओर आने को मजबूर है। मिनी बस एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने बताया कि सवारी नहीं मिलने के कारण शाम सात बजे बसों का परिचालन नहीं होता है। बस संचालकों को घाटा भी होता है।

### कॉलेज के छात्र कर चुके हैं मांग

शहर से शासकीय कॉलेज व सरकारी संस्थाएं दूर हैं, जिसके कारण छात्रों ने सिटी बस चलाने की मांग की थी। कांग्रेस की सरकार में बस चलाने के लिए पहल की गई थी लेकिन वर्तमान सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। ऑटो में कॉलेज व पॉलिटेक्निक जाने के लिए छात्रों को ज्यादा रुपए खर्च करने पड़ते हैं। कई छात्र अपने संसाधन से आते जाते है।



### मनमानी जारी

राज्य परिवहन की बसें नहीं चलती हैं। इस कारण निजी बस ऑपरेटरों की मनमानी जारी है। बिना समय सारिणी और मनमाना किराया से लोग परेशान है, जो यात्री निर्धारित रूट से बीच में बसों में चढ़ते हैं, कई बार उनसे किराया ज्यादा ले लिया जाता है, जिसके कारण कई बार बसों में बहसबाजी भी हो जाती है।

## रोष: पिकअप की टक्कर से बाइक सवार तीन की जान गई, मुआवजे की मांग

# टोल प्लाजा के पास हादसे में तीन की मौत, शवों को रख किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नेशनल हाईवे 53 पर छुईपाली टोल प्लाजा के पास बुधवार की रात सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। आज तीनों के शवों को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। आक्रोशित लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर तीनों शवों को रखकर चक्काजाम कर मुआवजे की मांग कर रहे थे।

मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर निर्माण कार्य चल रहा था। जिसमें पिकअप क्रमांक सीजी 07 बी 0225 किराये पर बीएसपीएल में चल रही थी। बुधवार को पिकअप ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीन में से एक की मौत घटना स्थल पर हो गई व दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक प्रशांत बारिक, मुकेश साहू और दुखनाशन बारिक ग्राम गिधली व ग्राम बानीपाली के निवासी थे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। गुरुवार की सुबह पीएम के बाद दुर्घटना में हुई मौत से आक्रोशित गांव वालों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 53 के छुईपाली में तीनों शवों को रखकर चक्काजाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को समझाने का प्रयास किया, पर ग्रामीणों का चक्काजाम जारी था।

- मृतकों के परिजन छुईपाली टोल प्लाजा में शव को रखकर प्रदर्शन, हाइवे में लगी वाहनों की लंबी कतार



### मुआवजा देने में देरी, टोल प्रशासन के रवैये पर भड़की तहसीलदार

छुईपाली टोल प्लाजा के पास बीती रात एक पिकअप की ठोकर से तीन लोगों की मौत हो गई थी। जिसके बाद मृतकों के परिजन छुईपाली टोल प्लाजा में शव को रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं। परिजनों द्वारा मुआवजा के तौर पर कुछ मांगे रखी गई थी, लेकिन प्रशासन से बातचीत के बाद करीब 50 हजार रुपए के राशि की तत्काल व्यवस्था पर परिजन मान गए। लेकिन, टोल प्लाजा द्वारा सही समय पर राशि की व्यवस्था नहीं करने और टोल प्लाजा के रवैए से बसना तहसीलदार नाराज दिखीं और उन्हें फटकार लगाते हुए तत्काल राशि व्यवस्था करने को कहा। फिलहाल, इस प्रदर्शन के चलते नेशनल हाईवे के दोनों तरफ लगभग 2 किलोमीटर से भी अधिक लंबी लाइन लग चुकी थी। पुलिस मौके पर पहुंच चुकी थी।

### लगातार हो रहे सड़क हादसे

अक्टूबर में ही 31 मौतें, नहीं थम रहा सड़क हादसों का कहर जिले में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं जिसमें कईयों की असमय मृत्यु हो रही है। वाहनों की तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन न करने से सड़क दुर्घटना हो रही है। मंगलवार रात एनएच 53 पर झलप से मकान की सेंट्रिंग की लकड़ी ले जा रहे एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार दो लोगों की मौके ओर ही मौत हो गई। वहीं चार अन्य घायल हो गए। इसी प्रकार बसना थाना के ही ग्राम पिरदा में ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। ज्यादातर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार शामिल हैं। इससे लेकर पुलिस सख्ती तो बरत रही है, पर लापरवाही के चलते लोग दुर्घटना का शिकार बन रहे हैं। अकेले अक्टूबर माह में ही अब तक 31 लोगों की मौत सड़क हादसे में हो चुकी है।

### धान की फसल काट रहे दंपत्ति पर प्राणघातक हमला, पति की मौत, पत्नी भी गंभीर



**महासमुंद।** बसना थाना के ग्राम भटोरी में धान फसल काट रहे दंपति पर एक व्यक्ति ने हंसिए से प्राणघातक हमला कर दिया। जिससे पति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पत्नी को गंभीर अवस्था में प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर इलाज के लिए रिफर कर दिया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जाता है कि पूरा मामला पैसों के लेनदेन से जुड़ा है। पुलिस आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 103(1),109 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर ग्राम भटोरी निवासी बरातू पटेल (50) और उनकी पत्नी द्रोपती पटेल (45) दोपहर में धान कटाई कर रहे थे। तभी वहां बिटांगीपाली निवासी कान्हा पटेल (40) आया और पैसों की मांग करने लगा। बताया गया कि इससे पहले भी कान्हा ने बरातू से पैसा उधार लिया था, जिसे वह लौटा नहीं रहा था। बुधवार की दोपहर जब वह बरातू पटेल से फिर पैसों की मांग करने लगा, तो बरातू ने पहले से लिए उधार को वापस करने कहा। इसी बात को लेकर बरातू और कान्हा में विवाद हुआ और मारपीट होने लगा। इसी बीच कान्हा ने खेत में रखे धान काटने के हंसिए से बरातू पटेल की गर्दन पर प्राणघातक हमला कर दिया। इस हमले के बाद बरातू की पत्नी द्रोपती बीच - बचाव करने आई तो उस पर भी कान्हा ने हमला कर दिया। हंसिए के वार से बरातू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार कर उनकी गंभीर अवस्था को देखते हुए उन्हें इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया। जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

# ब्राउन शुगर का अवैध परिवहन करने वाले आरोपी युवक को दस वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) संघपुष्पा भतपहरी ने ब्राउनसुगर का अवैध परिवहन व 7.65 मिमी लोहे का पिस्टल रखने वाले आरोपी शंकर लाल वैष्णव पिता जोधाराम वैष्णव (30) निवासी श्रीराम नगर तेलीबाधा रायपुर को धारा 22 (सी) स्वापक औषधि तथा मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम एवं धारा 25 आयुध अधिनियम के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 लाख रुपए का जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की नहीं पटाए जाने पर 1 वर्ष की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगगनी होगी तथा 25 आयुध अधिनियम के तहत 07 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा व 10 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना की राशि नहीं पटाने पर 1 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतनी होगी।

अभियोजन के अनुसार घटना दिनांक 12 अगस्त 2020 को थाना महासमुंद के उपनिरीक्षक योगेश कुमार सोनी को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नीले रंग के बिना नंबर की सोल्ड मोपेड गाड़ी में अवैध रूप से मादक पदार्थ ब्राउनशुगर व पिस्टल बिक्री के लिए नदी मोड़ घोड़ारी से महासमुंद की ओर जा रहा है, तब हमराह स्टाफ के साथ मौकास्थल खरोरा तालाब के आगे घेराबंदी कर आरोपी शंकर लाल वैष्णव को कुल 730 ग्राम ब्राउनशुगर व एक पिस्टल के साथ गिरफ्तार कर महासमुंद के विशेष न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। जहां विचारण उपरान्त आज आरोपी को सजा सुनाई गई। पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने आदेश में यह भी उल्लेख किया कि समाज में खासकर युवा वर्ग तथा उस बालकों की मनःस्थिति को नशे के गिरफ्त में लिया जा रहा है, जिसे यह भी ज्ञान नहीं है कि इसका उसके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ेगा। अतः नशे के इन कारोबारियों पर उदार दृष्टिकोण अपनाया जाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक (एनडीपीएस) जितेंद्र साहू ने इसकी पैरवी की।

### 10वें दिन भी हड़ताल, अब उग्र आंदोलन करने की चेतावनी

**महासमुंद।** चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के नगरीय निकायों के कर्मचारी इन दिनों अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। जहां एक ओर हड़ताल से बिजली, पानी और सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं शासन-प्रशासन इनकी मांगों पर कोई विचार नहीं कर रही है, जिससे अब कर्मचारी मांगों को लेकर अनशन करते हुए आंदोलन उग्र होने की चेतावनी दे रहे हैं। बता दें कि ठेका पद्धति समाप्त करने, सीधे वेतन भुगतान सहित 4 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलेभर के नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल आज 10 वें दिन भी जारी रही। कर्मियों ने पटवारी कार्यालय स्थित धरना स्थल से जमकर नारेबाजी की और आगामी दिनों आंदोलन की गति और भी अधिक तेज करने की बात कही। प्लेसमेंट कर्मचारियों ने बुधवार को रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट में ज्ञापन सौंपा।

### प्राथमिक शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं शिक्षकों की विशेष कार्यशाला

**महासमुंद।** आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत जिले के ब्लॉक पिथौरा के जनपद पंचायत के सभागार में चिन्हित 30 ग्राम पंचायत के सचिवों एवं प्राथमिक शाला के हेडमास्टर, टीचर का एक दिवसीय प्राथमिक शाला सशक्तिकरण एवं विकसित पंचायत के लिए कार्यशाला का आयोजन पिरामल फाउंडेशन (एस्पिरेशनल भारत कोलबोरेटिवे टीम) के सहयोग से किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत प्लानिंग एंड फैसिलिटेशन टीम और स्थानीय समुदाय (हाइपर लोकल कलबोरेटिव) के सहयोग से प्राथमिक शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए विशेष प्रयास किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण पहल में पंचायत प्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए ठोस रणनीतियों और योजनाओं पर चर्चा करना था। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों एवं शिक्षकों को प्राथमिक शिक्षा में सुधार लाने के लिए स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) और बिल्डिंग ऐज लर्निंग ऐड (बाला) जैसे शिक्षण उपकरणों के प्रभावी उपयोग पर प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों की लर्निंग आउटकम में बढ़ोतरी लाने के लिए उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया और प्राथमिक स्तर पर बच्चों की शिक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उपायों की योजना बनाई।

# राइस मिल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष के यहां प्रशासन ने छापा मार कर जब्त किए 45 हजार बारदाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान खरीदी के लिए राईस मिलरों द्वारा बारदाना उपलब्ध नही कराए जाने के कारण आगामी दिनों में खरीदी प्रभावित न हो इसलिए प्रशासन द्वारा मिलों में छापामार कार्रवाई करते हुए बारदाना जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को बागबाहरा स्थित हरकेश एग्रोटेक एवं सत्यम इंडस्ट्रीज में छापामार कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने क्रमशः 45 हजार एवं 30 हजार बारदाना जब्त किए जाने की कार्रवाई की।

बता दें कि प्रदेश सहित जिले भर में 14 नवबंर से धान खरीदी की शुरुआत हो गई है वहीं अभी से जिले में कई उपार्जन केंद्र बारदाने की कमी से जूझ रहे हैं जिसके चलते धान खरीदी में बाधा न हो इसलिए प्रशासन द्वारा यह कदम उठाया जा रहा है। बता दें कि हरकेश एग्रोटेक के संचालक मनोज अग्रवाल द्वारा संचालित फर्म है। जिला राइस मिलर एसो. के अध्यक्ष के यहां हुई छापामार की कार्रवाई लोगों के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। इधर मिलरों का कहना है कि उनकी मांगों पर 2 सालों से ध्यान नही दिए जाने के कारण बारदाना उपलब्ध नही कराया जा रहा है। सूखत, मिलिंग चार्ज, एफसीआई में स्टेक के लिए जगह नही होने सहित कई अन्य मांगों और मामलों को लेकर शासन प्रशासन के रवैय्ये को उदासीन बताते हुए मिलरों ने बारदाना नही दिए जाने का आंतरिक फैसला लिया है जिसके कारण प्रशासन द्वारा छापामार कार्रवाई कर मिलरों से बारदाना की जब्ती की जा रही है, ताकि धान खरीदी प्रभावित न हो।

जिला राइस मिलर्स एसो. की माने तो प्रशासनिक अफसरों द्वारा बारदाना को लेकर छापामार कार्रवाई किए जाने की बात पर मनोज अग्रवाल द्वारा सबसे पहले उनके फर्म से बारदाना जब्त किए जाने की पेशकश की थी। ताकि, अन्य मिलरों का मनोबल न टूटे।

## उपार्जन केंद्रों में बरदाना की व्यवस्था नहीं होने से खरीदी हो रहा है प्रभावित

# बारदाने की किल्लत बढ़ी, 13 का बिक रहा 30 रुपए तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में धान खरीदी अपने चरम पर है। जिसके चलते बोरे के दाम महंगे हो गए हैं। जिले के कोमाखान एवं नर्रा क्षेत्र के खरीदी केंद्रों में बारदाना संकट गहराता जा रहा है। शासन द्वारा विभिन्न केंद्रों में 14 नवंबर से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ किया गया है। लेकिन, नवंबर के अंतिम सप्ताह में धान खरीदी व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है, जिससे धान बेचने आए किसान हलाकान हो रहे हैं।

किसानों ने बताया कि उन्हें धान उपार्जन केंद्र में पर्याप्त बारदाना नहीं मिल रहा है जिसके कारण उन्हें खुले बाजार से पुराने जूट के बोरे ऊंचे भाव पर खरीदकर संग्रहण केंद्र तक अपना धान भरकर ले जाना पड़ रहा है, जो बारदाना पहले 13 रुपये नग में बिक रहा था, वह अब एक तरफा जंप लेते हुए 20 रुपए से 30 रुपए प्रति नग पर धड़ल्ले से बिक रहा है। एक ओर जहां कुछ धान खरीदी केंद्रों में पर्याप्त बारदाना मौजूद होने का दावा किया जा रहा है। वहीं अनेक धान खरीदी केंद्रों में बारदाना की किल्लत के चलते किसानों को तीस से पचास फीसदी बारदाना स्वयं का लाने पर ही धान खरीदने का प्रस्ताव दिया जा रहा है। इस तरह धान खरीदी केंद्रों में समस्या की स्थिति निर्मित हो गई है।



### 13 रुपए का बारदाना बिक रहा 20-30 तक

इस बीच नगर के आधा दर्जन से अधिक छोटे-बड़े बारदाना दुकानों में किसानों का सैलाब उमड़ पड़ा है। पूरी तैयारी से दीपावली के पहले बारदाना का भारी भरकम स्टॉक रखने वाले बारदाना व्यापारी खुलकर अब बाजार में सौदेबाजी के साथ ऊंचे रेट पर बारदाना बेच रहे हैं, जो बारदाना 13 रुपये नग में बिक रहा था, वह अब 20 रुपए से 30 रुपए प्रति नग पर धड़ल्ले से बिक रहा है। धान खरीदी केंद्रों में बारदाने की किल्लत की वजह से जिले में बारदाना कारोबारियों के यहां ग्राहकी का अंबार लगा हुआ है।

### ऊंचे दर पर जूट बारदाने की बिक्री धड़ल्ले से

इस क्षेत्र के व्यापारी दूसरी जगहों से बारदाना खरीद कर लाकर किसानों को बेच रहे हैं। खुलेआम ऊंचे दर पर जूट बारदाने की बिक्री से कर रहे हैं। अनेक युवक व व्यापारी जो कल तक दूसरे व्यवसाय में व्यस्त थे, वे अब बारदाना व्यापार में कूद पड़े हैं व नगद में धड़ल्ले से किसानों को बारदाना बेचकर मालामाल हो रहे हैं। इस प्रकार संपूर्ण बाजार में बारदाना बाजार काफी उछाल पर है। जिसमें अनेक व्यापारी बारदाना सप्लाई को लेकर पूरी तन्मयता में जुट गए हैं। कुल मिलाकर धान खरीदी केंद्र में अधिकांश स्थानों पर बारदाने की किल्लत के चलते शासन की धान खरीदी योजना को आघात पहुंचा है।

### अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए दो खिलाड़ी चयनित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ की टीम में महासमुंद जिला क्रिकेट संघ के दो खिलाड़ियों आयुष द्विवेदी और मनोज पटेल का चयन अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 6 दिसंबर से कर्नाटक के शिमोगा में आयोजित होगी। इसमें छत्तीसगढ़ की टीम विभिन्न राज्यों के साथ मल्टी डेज़ मैच खेलेगी। यह प्रतियोगिता बीसीसीआई द्वारा आयोजित होती है, इस प्रतियोगिता में जिले के दो खिलाड़ियों का चयन होना यह गर्व की बात है। इनका चयन उनके जिला मैच एवं प्रशिक्षण कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है। इस उपलब्धि पर जिला क्रिकेट संघ के सभी पदाधिकारी ने हर्ष जताया है। यह जानकारी संघ के सदस्य तृपेश साहू ने दी है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### हड़ताल को मिल रहा कई संगठनों का समर्थन

**महासमुंद।** प्लेसमेंट कर्मचारियों का 10वें दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहा। हड़ताल में पेंशन संघ के अध्यक्ष अशोक गिरी गोस्वामी, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष दिलीप तिवारी, आंगनबाड़ी संघ के उपप्रांताध्यक्ष सुधा रात्रे एवं आंगनबाड़ी सहायिका अध्यक्ष सुरेखा शर्मा द्वारा समर्थन देने पंडाल पहुंचे। हड़ताल में नगर पालिका परिषद महासमुंद व नगर नगर पंचायत तुमगांव के प्लेसमेंट कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जनपद सरायपाली में प्लेसमेंट कैंप आज

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र महासमुंद द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 29 नवंबर 2024 को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जॉब फेयर का आयोजन जनपद पंचायत सरायपाली में प्रातः 11 बजे से 2 बजे किया जाएगा।

### आप का जिला स्तरीय सम्मेलन आज

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने बताया कि पार्टी का जिला स्तरीय सम्मेलन 29 नवंबर शुक्रवार को शहर के एक होटल में होगा। जिसमें जिला के सभी पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। सम्मेलन में आने वाले नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत चुनाव के संबंधित चर्चा की जाएगी। पश्चात जिला कार्यालय आम आदमी पार्टी का उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद सड़क मरम्मत की मांग को लेकर दोपहर 3 बजे पीडब्ल्यूडी कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा जाएगा।



### अगहन गुरुवार को मां लक्ष्मी की हुई पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अगहन माह के दूसरा गुरुवार को महिलाओं ने माता लक्ष्मी की विशेष पूजा अर्चना की। महिलाओं ने अगहन गुरुवार को व्रत रखकर विधि विधान से माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर घर में सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान बबली, लक्ष्मी, शशि, कौशल्या, भारती, अंजू, निशा आदि मौजूद रहीं।



### ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में देश के महान विचारक व समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, जया चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, रुपेश्वरी चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश आदि मौजूद रहे।

## निधन

### डिगेश साहू



**महासमुंद।** ग्राम शेर निवासी डिगेश साहू (26) का एम्स में उपचार के दौरान निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृहग्राम शेर में गुरुवार को किया गया। वे साहू समाज शेर परिक्षेत्र के संरक्षक टीकम साहू के पुत्र थे।

### मोहनलाल साहू



**महासमुंद।** बीटीआई रोड निवासी सेवानिवृत्त सहकारिता विस्तार अधिकारी मोहनलाल साहू (देवरी निवासी) का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया है। अंतिम संस्कार 29 नवंबर शुक्रवार को सुबह 10 बजे भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे राजीव साहू, नंदकुमार साहू, राजेश साहू के पिता एवं समर्थ व खुशाल के दादा थे।





# बारदाना की व्यवस्था को लेकर एसडीएम ने ली बैठक, मिलर्स संचालकों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

राइस मिलर एसोसिएशन के साथ एसडीएम की बैठक एसडीएम कार्यालय में हुई। जिसमें एसडीएम ने सभी मिलर्स को बारदाना जमा करने के लिए दबाव बनाया व कहा कि बारदाना की व्यवस्था करना हमारी जिम्मेदारी है। धान खरीदी प्रभावित न हो, इसलिए हम बारदाना जमा नहीं होने पर कार्रवाई करेंगे। इस आदेश पर उपस्थित मिलर्स ने कहा कि हम अपनी अनेक मांगों को लेकर असहयोग आंदोलन में है, इसलिए बारदाना जमा नहीं कर रहे हैं। यह निर्णय जिला व प्रदेश एसोसिएशन का है। तब एसडीएम ने बारदाना जब्त करने की बात कही।

मिलर्स ने कहा कि अगर जब्त करना प्रशासन का है तो हम विरोध के साथ जब्ती बनवाएंगे। साथ ही एसडीएम से कहा कि जब्त बारदाना जिनको भी सुपुर्द करते है, वे देखभाल कर बारदाना ले जाएं। बाद में खराब बारदाना है कहकर वापसी नहीं होना चाहिए, जिस पर सहमति बनी। मिलर्स ने अपनी मांगों से एसडीएम को अवगत कराया। जिस पर एसडीएम ने कहा कि आपकी मांग शासन तक पहुंच रही है। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि मिलर्स सदैव शासन का सहयोग करते रहे हैं। परंतु, इस बार भुगतान नहीं मिलने के साथ प्रोत्साहन राशि कम कर 120 से 60 रुपए कर दिया गया है। जिसके विरोध के साथ हमारी मांग है कि परिवहन में वास्तविक भाड़ा दिया जाना चाहिए, मिलर्स का काम एफआरके का ब्लेंडिंग करना है। मगर, मिलर्स को एफआरके भुगतान सालों नहीं मिलता। बारदाना में मनमानी कटौती की जाती है, लेने की दर अलग, देने की अलग-अलग, भुगतान परिवहन का 2021 से की वर्षों का लंबित, चांवल जमा के लिए जगह का अभाव से समय पर जमा नहीं लेने से धान की गुणवत्ता प्रभावित होती है। छत्तीसगढ़ में एक क्विंटल धान में चांवल की झड़ती 67 प्रतिशत नहीं होती, मगर 67 प्रतिशत के हिसाब से चांवल देना पड़ता है। इसलिए हमारी प्रोत्साहन राशि की मांग जायज है।

## अनूठी पहल: न्योता भोज, पोषण और शिक्षा का आदर्श संगम

# 507 न्योता भोज का आयोजन 29251 छात्र-छात्राएं हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नेवता भोज कार्यक्रम सामुदायिक सहभागिता से समरसता की ओर एक बेहतर और अनूठी पहल है। इससे समाज और शिक्षा का तालमेल बेहतर होते दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप 16 फरवरी से शुरू हुई इस योजना से पालक से दानदाताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों द्वारा स्कूलों में जाकर अपने बच्चों के साथ स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चों के संग खुशियां बांट रहे हैं। महासमुंद जिले में बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए एक नई पहल ने न केवल उनके पोषण स्तर को सुधारा है, बल्कि शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता के महत्व को भी बढ़ाया है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत चलाए जा रहे न्योता भोजन कार्यक्रम ने बच्चों और समुदाय के बीच एक गहरी सकारात्मक छाप छोड़ी है। न्योता भोज कार्यक्रम का



उद्देश्य विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास को गति मिले। इस कार्यक्रम में दानदाताओं, सामाजिक संगठनों और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर स्कूलों में विशेष भोजनों का आयोजन किया, जिसमें बच्चों को न केवल पोषक आहार मिला, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य के महत्व पर भी जागरूक किया गया। महासमुंद जिले में 507 बार आयोजित इस कार्यक्रम से कुल 29,251 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया। बागबाहरा विकासखंड में 238 आयोजनों में 13,484 बच्चों को पोषक आहार प्रदान किया। सरायपाली में 70 आयोजनों के माध्यम से 4,406 छात्रों ने लाभ उठाया। इसी तरह, पिथौरा, बसना, और महासमुंद विकासखंडों में क्रमशः 45, 60, और 94 आयोजन सफलतापूर्वक किए गए। न्योता भोज की सफलता का सबसे बड़ा कारण सामुदायिक सहभागिता रही। इसमें दानदाताओं, जनप्रतिनिधियों, और समाज के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस पहल ने यह दिखाया कि जब समाज और प्रशासन एक साथ काम करते हैं, तो बड़े बदलाव संभव हैं। इसे सामाजिक समरसता की ओर बढ़ते कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस कार्यक्रम ने न केवल बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया, बल्कि उनमें शिक्षा के प्रति रुचि और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता भी बढ़ाई। बेहतर पोषण से बच्चों की पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने की क्षमता में सुधार हुआ और उनके शारीरिक विकास को भी बढ़ावा मिला।

न्योता भोज ने साबित कर दिया है कि सही सोच और सामूहिक प्रयासों से किसी भी चुनौती का समाधान संभव है। यह कार्यक्रम न केवल बच्चों को बेहतर जीवन देने की दिशा में कदम है, बल्कि समाज में एकता और सहभागिता का प्रतीक भी बन गया है।




**नर्रा।** क्षेत्र में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। इसका असर पूरे अंचल में देखा जा रहा है। रात के तापमान में कमी आने से ठंड बढ़ गई है। बता दें कि ठंड के कारण संध्या होने के बाद 8 बजते ही गांवों की गलियों व सड़कें वीरान सी हो जाती है। लोग गर्म कपड़े के अलावा स्वेटर, जैकेट, जर्सी, मोजा, टोपी का उपयोग कर रहे है। वहीं सुबह लोगों गुनगुनी धूप भा रहे हैं। ग्रामीण ठंड से बचने अलाव का सहारा भी ले रहे हैं।

### पालिका की उदासीनता के चलते नहीं मिल रहा नागरिकों को बोर का पेयजल



**महासमुंद।** नगर पालिका की वरिष्ठ पार्षद नेता प्रतिपक्ष मीना वर्मा ने अपने वार्ड 7 सहित नयापारा एरिया में पार्षद निधि एवं अन्य मदों से लगभग 6 माह पूर्व हुए बोर खनन में आज तक मोटर पम्प नहीं लगाए से बोर खनन को निरर्थक बताते हुए कहा कि पालिका प्रशासन की उदासीनता के चलते आज तक इन बोर से नागरिकों को पेयजल सुविधा का लाभ नहीं मिल सका है। पार्षद मीना ने कहा कि नयापारा जैसे बड़े क्षेत्रवाले इन जगहों में पेयजल की दिक्कतों के कारण नागरिकों की मांग पर पेयजल की उपलब्धता को लेकर बोर खनन कार्य करवाया गया था। परंतु, 6 माह बीतने के बाद भी बोर में मोटर पम्प नहीं लगने से बोर से नागरिकों को पेयजल की सुविधा का लाभ नहीं मिल पाया है। मीना ने बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से कइयो बार मुख्य नगर पालिका अधिकारियों सहित सभी सक्षम जनप्रतिनिधियों से नागरिकों हित में बोर वाले स्थानों में मोटर पम्प लगाने की मांग की है, जिससे बोर खनन सार्थक हो और जनहित में पेयजल समस्या का निराकरण हो सके। वर्तमान मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पांडे से भी चर्चा करने पर पिछले माह एक हफ्ते में निश्चित रूप से पंप लगाए जाने की बात स्वीकार की गई थी, जो आज तक नहीं लग पाया है। नगर पालिका द्वारा इन बोर में मोटरपंप नहीं लगने से आने वाले ग्रीष्म ऋतु में भी नागरिकों को पानी मिल पाएगा या नहीं यह भी चिंता का विषय है।

# बसना विधायक ने सांस्कृतिक भवन का किया लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना विधानसभा के सिंघनपुर शासकीय हाईस्कूल में सांस्कृतिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। विधि विधान से पूजा अर्चना कर फीता काटकर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने सांस्कृतिक भवन को आमजन को समर्पित करते हुए कहा कि यह भाजपा की डबल इंजन की सरकार जनता की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनता के कल्याण और विकास को सर्वोपरि रखते हुए कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों का निर्माण किया है। जिसका लाभ किसी ना किसी प्रकार से सभी देशवासियों और छत्तीसगढ़वासियों को मिल रहा है।




**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने गत दिनों महासमुंद प्रवास पर पहुंचे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का अपने समर्थकों के साथ स्वागत किया। इसमें मुख्य रूप से हितेश साहू, लोकेश मांझी, मिनेश्वर साहू, बलराम ध्रुव, ललित साहू, चंदन मारकंडे आदि उपस्थित थे।

# लाफिनखुर्द स्कूल में लगा आनंद मेला

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाफिनखुर्द में आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के भाजपा युवा नेता कमल नारायण साहू शामिल हुए। जहां स्कूली बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार पकवान चखकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर स्कूली छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर शिक्षक डिगम लाल चंद्राकर, उमेंद्र साहू, महेंद्र देशमुख, बसंत नेताम, तोरण साहू, बुद्धेलाल मार्कंडेय, परस साहू, नवनीत गुरुदत्ता, शिक्षिका पुष्पा पटेल एवं डीएड परीक्षार्थी छाया साहू, अनिता बरिहा, राकेश ध्रुव, दीपिका नंदा, अजय साहू, दुष्यंत, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सोहद्रा निषाद, चंद्रिका साहू समेत ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

28 नवंबर को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम कार्यकारी प्राचार्य रवि देवांगन की अध्यक्षता तथा कार्यक्रम के संयोजक व व्याख्याता राजनीति शास्त्र हरि शंकर नाथ के निर्देशन में हुआ।

कार्यक्रम के अध्यक्ष रवि देवांगन व्याख्याता अर्थशास्त्र, आलोक हिरवानी व्याख्याता कंप्यूटर विज्ञान, संजय कुमार व्याख्याता अंग्रेजी एवं निलेश कुमार तिवारी व्याख्याता गणित मौजूद रहे। महाविद्यालय के व्याख्याता हरिशंकर नाथ ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए संविधान की महत्वता एवं इसकी संरचना को विद्यार्थियों को बताया। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिता हुई। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम अदिति साहू, द्वितीय अक्षांश त्रिवेदी तथा तृतीय रुचिका यादव, क्विज प्रतियोगिता में प्रथम बीएससी द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी अदिति साहू, मानसी क्षत्री, रुचिका यादव, कृष्णा नायक एवं महिनूर खान, द्वितीय बीकॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी तथा तृतीय बीएससी प्रथम सेमेस्टर रहे। कार्यक्रम में तरुण कुमार बांधे ( सहायक प्राध्यापक- वाणिज्य), मुकेश कुमार सिन्हा (व्याख्याता कंप्यूटर एप्लीकेशन), माधुरी दीवान (व्याख्याता -वाणिज्य), चित्रेश बरेठ ( व्याख्याता-रसायन विज्ञान), डॉ.ग्लैडिस मैथ्यू (व्याख्याता समाजशास्त्र), संजय कुमार (व्याख्याता अंग्रेजी), त्रिपेश कुमार साहू (क्रीड़ा अधिकारी), सावित्री अग्रवाल (ग्रंथपाल), शेषनारायण साहू (प्रयोगशाला तकनीशियन) आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कर्मचारी कौशल साहू तथा देवकी का सहयोग रहा।




# एकीकृत किसान पोर्टल पंजीयन के लिए बढ़ाई गई समय सीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

किसानों के हित में छत्तीसगढ़ सरकार ने एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन और फसल रकबे में संशोधन की समय सीमा बढ़ा दी है। अब किसान 28 नवंबर से 2 दिसंबर 2024 तक इस प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। यह निर्णय जिलों से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर लिया गया है, जिसमें बताया गया था कि कई किसानों का पंजीयन अधूरा रह गया है।

ज्ञात है कि राजस्व ग्रामों में वनाधिकार पट्टा, वनग्राम, असर्वेक्षित ग्रामों, डूबान क्षेत्रों और संस्थागत, रेगहा, बटाईदार एवं लीज किसानों का कैरीफॉरवर्ड पंजीयन के लिए 19 से 25 नवंबर तक अतिरिक्त समय दिया गया था। समय समाप्ति के पश्चात ऐसे किसानों के हित में पुनः तिथि में वृद्धि

■ **अधिकारियों को शत-प्रतिशत पंजीयन के दिए निर्देश**

की गई है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के ऐसे किसानों को शत प्रतिशत पंजीयन कराने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदारों को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा तिथि में वृद्धि की गई है इसका पूरा लाभ संबंधित किसानों को प्राप्त होना सुनिश्चित करें। वन एवं जलवायु परिवर्तन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खाद्य, सहकारिता और कृषि विभागों के संयुक्त प्रयास से यह निर्णय लिया गया है। यह समय सीमा विशेष रूप से राजस्व ग्रामों में वनाधिकार पट्टा, वनग्राम, असर्वेक्षित ग्रामों, डूबान क्षेत्रों, और संस्थागत, रेगहा, बटाईदार एवं लीज किसानों के लिए लागू होगी। पहले पंजीयन प्रक्रिया 31 अक्टूबर 2024 तक पूरी होनी थी। इसके बाद इसे बढ़ाकर 19 से 25 नवंबर 2024 तक किया गया था। लेकिन, जिलाधिकारियों की मांग पर किसानों को और अधिक समय देने का निर्णय लिया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्पेशल ट्रेन से 21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511